## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 07.06.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- केन्द्र सरकार ने कहा विश्व में सबसे सस्ती रसोई गैस पाने वाले देशों में भारत, उज्ज्वला लाभार्थियों को 642 रुपये में मिल रहा सिलेंडर।

- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन आज जिला प्रभारियों, जिला अध्यक्षों तथा आईटी सेल के प्रतिनिधियों के साथ करेंगे बैठक, दोपहर बाद सभी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्षों के साथ मंथन।

- सिमडेगा की महिला किसान उत्पादक कंपनी द्वारा उगाए गए आम्रपाली आम को मिलेगा यूनाइटेड किंगडम का बाजार, केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने की सराहना, बताया लोकल टू ग्लोबल का सशक्त उदाहरण।

- पाकुड़ में जालसाजी को लेकर दर्जन भर पत्थर व्यवसायियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज, रिपोर्ट में छेड़छाड़ का आरोप।

- गुजरात में प्रथम विश्व योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप आयोजित, रांची के रोशन थापा ने सीनियर बी कैटेगरी के ट्रेडिशनल इंडिविजुअल इवेंट में जीता स्वर्ण पदक।

***********************

केन्द्र सरकार ने आज कहा है कि अंतरराष्ट्रीय एलपीजी कीमतों में भारी वृद्धि के बावजूद भारतीय घरों को खाना पकाने की गैस वैश्विक स्तर पर सबसे कम कीमतों पर मिल रही है। एक रिपोर्ट ।

***********************

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने स्वस्थ भविष्य के लिए सुरक्षित और स्वच्छ भोजन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। आज विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने नागरिकों से स्वस्थ खान–पान की आदतें अपनाने और स्वस्थ तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया। श्री नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस संदेश को भी दोहराया जिसमें उन्होंने बेहतर स्वास्थ्य और एक मजबूत राष्ट्र के लिए खाद्य तेल का इस्तेमाल 10 प्रतिशत कम करने और संतुलित आहार अपनाने की बात कही थी। इस वर्ष विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस का विषय है– समस्या से समाधान तक – हर जगह सुरक्षित भोजन।

***********************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन झारखंड दौरे के दूसरे दिन कई कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं । रांची स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आज जिला प्रभारियों, जिला अध्यक्षों, प्रदेश प्रवक्ता तथा आईटी एवं मीडिया सेल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। दोपहर बाद सभी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्षों के साथ बैठक होगी । इससे पहले अपने एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने श्री नबीन बोकारो पहुंचे। भाजपा के पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन से पार्टी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है ।
रांची से बोकारो जाने के क्रम में श्री नबीन ने रामगढ़ में शहीद निर्मल महतो चौक पर निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल बड़कागांव,विधायक रोशन लाल चौधरी प्रदेश अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

***********************

झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। कल नामांकन की आखिरी तारीख है। राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा और नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के बाद अब राजनीतिक दलों की नजर आगे की रणनीति और संभावित चुनावी समीकरणों पर टिकी है।

***********************

झारखंड के सिमडेगा जिले की महिला किसानों की उत्पादक कंपनी द्वारा उगाए गए आम्रपाली आमों की पहली खेप यूनाइटेड किंगडम भेजी गई है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस उपलब्धि को वोकल फॉर लोकल से लोकल टू ग्लोबल का एक शानदार और सशक्त उदाहरण बताया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने तस्वीरें साझा करते हुए लिखा है कि एपीईडीए के निरंतर प्रयासों से स्थानीय किसानों को बेहतर मूल्य, महिला किसानों को नई पहचान और भारत के कृषि निर्यात को नई गति मिल रही है।

***********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

***********************

सीबीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षा के परिणाम जारी होने के बाद संबंधित मुद्दों की जांच और उत्तर–पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की आज अंतिम तिथि है। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि पोर्टल मध्यरात्रि तक खुला रहेगा। बोर्ड ने छात्रों से अनुरोध किया है कि वे अंतिम तिथि से पहले अपने आवेदन भरकर जमा कर दें।

***********************

पाकुड़ में जिला खनन कार्यालय से निर्गत रिपोर्ट में छेड़छाड़ और जालसाजी किये जाने को लेकर दर्जन भर पत्थर व्यवसायियों के खिलाफ नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। खान निदेशक राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुमार ने पत्थर खदानों का लीज हासिल करने के लिए खनन कार्यालय द्वारा निर्गत सन्निहित रिपोर्ट में छेड़छाड़ और जालसाजी कर राज्यस्तरीय पर्यावरणीय समाधात निर्धारण प्राधिकरण रांची से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने एवं खनन पट्टा हासिल करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी ।

***********************

जामताड़ा जिला में उपायुक्त आलोक कुमार के निर्देश पर वरीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में जांच टीम ने जिले के चिन्हित पंचायतों में केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा संचालित विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। उपायुक्त ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

***********************

कोडरमा के झुमरी तिलैया में जुट से उत्पाद तैयार कर न सिर्फ महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है, बल्कि प्लास्टिक मुक्त भारत के संकल्पों को साकार करने में जोर–जोर से जुटी है। इंदरवा की रहने वाली राधा यादव के साथ तकरीबन 20 महिलाएं महिला सशक्तिकरण के साथ प्लास्टिक मुक्त के संदेशों को साकार करने में जुटी है।

**********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 41 हजार 700 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 55 हजार रूपये प्रति किलो है।

**********************

विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, रांची द्वारा "फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल" का भव्य आयोजन किया गया । कार्यक्रम में लगभग 1 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया।इस अवसर पर केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह और महापौर रोशनी खलखो शामिल हुए। सभी अतिथियों ने युवाओं को फिट इंडिया आंदोलन से जुड़ने का आह्वान किया।

**********************

गुजरात में आयोजित प्रथम विश्व योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में रांची के रोशन थापा ने सीनियर बी कैटेगरी के ट्रेडिशनल इंडिविजुअल इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर भारत और झारखंड का मान बढ़ाया। अठहत्तर देशों के 400 से ज्यादा खिलाड़ियों के बीच रोशन ने अपने उत्कृष्ट कौशल, शारीरिक संतुलन और कठिन आसनों से जजों को प्रभावित कर विश्व चौंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

**********************